प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में स्थापना सप्ताह प्रारम्भ

पंतनगर। 11 नवम्बर 2022। विश्वविद्यालय के गांधी हाल में आज स्थापना सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि पद्मश्री श्री प्रेम चन्द्र शर्मा, विशिष्ट अतिथि, कार्यकारी उपाध्यक्ष, एनसीडीइएस, डा. अलिन मुखर्जी, कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान, कुलसचिव, डा. ए.के. शुक्ला, अधिष्ठाता, कृषि, डा. एस.के. कश्यप, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह, कार्यक्रम समन्वयक, डा. जे.पी. जयसवाल एवं अन्य अतिथि मंचासीन थे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशकगण, वैज्ञानिक, विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि श्री प्रेम चन्द शर्मा ने जैविक खेती अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसान अधिक उपज प्राप्त करने हेतु अपने खेतों में कीटनाशक का उपयोग अधिक कर रहा है, जिस कारण देश में कैंसर के मरीज एवं अन्य बीमारियों से ग्रसित हो रहे है। गाजर घास से जैविक खाद्य बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमें अपने किचन गार्डन में जैविक खेती अपनानी चाहिए क्योंकि आने वाला समय जैविक का और हम सभी को जैविक खेती अपनानी चाहिए। विशिष्ट अतिथि, डा. अलिन मुखर्जी ने विद्यार्थियों से कहा कि हमें आपस में ताल–मेल बैठा कर कार्य करने की जरूरत है, जिससे हम अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते है तथा उन्होंने अनुभवों को सभी के साथ साझा किया।

कुलपति, डा. मनमोहन सिंह ने अध्ययनरत विद्यार्थियों से कहा कि विश्वविद्यालय में आयोजित स्थापना सप्ताह में बढ़–चढ़ कर प्रतिभागिता करनी चाहिए जिससे उनके द्वारा ज्ञानोपार्जन किया जा सके। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि कृषि के क्षेत्र में तकनीकों एवं प्रजातियों पर शोध करने पर बल दिया जिससे उनके द्वारा विकसित नवीन उन्नत प्रजातियां एवं तकनीकों को पहाड़ के अंतिम किसान तक पहुंचाये जाए जिससे वे उनका उपयोग कर अपनी कृषि में अधिक बढ़ोत्तरी कर सके।

कुलसविच डा. ए.के. शुक्ला ने सभी का स्वागत करते कहा कि विश्वविद्यालय को 62 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह स्थापना सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि हमारे विश्वविद्यालय के विद्यार्थी देश में ही नहीं वरन विदेशों में भी इस विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे है। अधिष्ठाता, कृषि, डा. एस.के. कश्यप ने विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह के संबोधन में सर्वपल्ली राधाकृष्णन के द्वारा कही गयी बातों को याद दिलाते हुए कहा कि देश के किसानों के लिए विश्वविद्यालय का द्वार हमेशा खुला होना चाहिए। उन्होंने पंडित जवाहर लाल नेहरू जी के ऑडियो एवं वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों एवं उपस्थित सभी अतिथियों को उनके द्वारा कहे गये विश्वविद्यालय के उद्देश्यों से भी अवगत कराया। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। डा. जे.पी. जैसवाल ने स्थापना सप्ताह कार्यक्रम की रूप–रेखा बतायी। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में सभी को संबोधित करते मुख्य अतिथि पदमश्री श्री प्रेम चन्द्र शर्मा।

विश्वविद्यालय स्थापना सप्ताह 2022
University Foundation Week 2022
INAUGURAL CEREMONY
Celebrating 62 Years of
Inception, Contribution, Service & Excellence!
Dr. A. K. Shukla
Dr. M. S. Chauhan